भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
........

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 125***

(03 दिसम्बर, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए)

**ग्रामीण विकास कार्यक्रमों हेतु अस्थायी निधि**

**125*. श्री नंद कुमार साय :**

**क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार राज्यों द्वारा अपनी आवश्यकतानुसार बनाए गए विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों हेतु एक अस्थायी निधि बनाए जाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न राज्यों को अस्थायी निधि के आवंटन हेतु निर्धारित किए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस निधि के उपयोग के संबंध में विभिन्न राज्यों को जारी किए गए दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) केन्द्रीय सरकार ने विभिन्न राज्यों द्वारा उक्त निधि का उचित उपयोग सुनिश्चित किए जाने के बारे में कौन-कौन से कदम उठाए हैं?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्री**

**(श्री जयराम रमेश)**

(क) से (ड.): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**राज्य सभा में दिनांक 03.12.2012 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न सं. 125 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए अस्थायी निधि के ब्यौरे तैयार नहीं किए गए हैं।

(ख) से (ड.) उपरोक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।